राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : चित्रकला

पाठ 13 : समकालीन भारतीय कला

कार्यपत्रक - 13

1. समकालीन भारतीय कला के विकास में बंगाल के कलकत्ता समूह तथा मुंबई के प्रोग्रेसिव आरटिस्ट समूह की शैलियों के योगदान में क्या अंतर है?

2. अमृता शेरगिल ने पाश्चात्य तक़नीक का भारतीय आत्मा के साथ किस प्रकार मेल किया जिस से युवा चित्रकार प्रभावित हुए? वर्णन करें।

3. 19वीं शताब्दी में मुग़ल तथापहाड़ी चित्रकला के पतन के पश्चात् कला के क्षेत्र में एक रिक्त स्थान उत्पन्न हो गया। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कारण सहित लिखें।

4. सिद्ध करें कि बंगाल के अबनींद्रनाथ टैगोर ने चित्रकला की एक निजी शैली विकसित की तथा बंगाल शैली का निर्माण किया।

5. ‘ इस प्रसिद्ध कवि ने 67 की उम्र में चित्रकारी आरम्भ की तथा अपनी चित्रकला में अभिव्यंजनावादी शैली सम्मिलित की’। उक्त कवि की पहचान करें तथा उनकी अभिव्यंजनावादी शैली के विषय मेंवर्णन करें।

6. ऐसा क्यों कहा जाता है कि रबींद्रनाथ टैगोर के आलेख तथा शीश अध्ययन अवचेतन मन से उत्पन्न प्रतीत होते हैं?

7. ‘अमृता का लक्ष्य हमेशा आत्मा से संबंधित कला की रचना रहा।‘ इस तथ्य पर अपना मत प्रस्तुत करें ।

8. अमृता शेरगिल द्वारा निर्मित चित्र ‘अडोर्नमेंट आफ ब्राइड’ का अपने शब्दों में वर्णन करें।

9. ‘इनकी प्रसिद्ध मूर्तियों में से एक’ यक्ष तथा यक्षिणी’ नई दिल्ली स्थित भारतीय रिज़र्व बैंक में स्थापित है।‘ उस मूर्तिकार की पहचान करें तथा उनकी किसी एक कृति का अपने शब्दों में वर्णन करें।

10. यह आप कैसे सिद्ध करेंगे कि बेंद्रे द्वारा निर्मित चित्र ‘थोर्न प्रिक’ एक ऐसी रचना है जो अजंता चित्रों की किसी विशेष रचना की याद दिलाती है?

NIOS/Acad./2020/332/13/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : चित्रकला

पाठ 13 : समकालीन भारतीय कला

कार्यपत्रक - 13